


**सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते है विराट**

विराट सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं और फैंस के लिए फोटो–वीडियो शेयर करते हैं। इंटरनैशनल क्रिकेट में 20 हजार से ज्यादा रन बना चुके विराट कोहली आईपीएल में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी संभालते हैं। कोरोना वायरस के कारण आईपीएल को भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया है।

## कोहली को ट्रोल करने की कोशिश, मिला ऐसा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली अपनी फिटनेस को लेकर भी काफी सजग रहते हैं। कोरोना वायरस के कारण भले ही क्रिकेट संबंधी गतिविधियों पर ब्रेक लगा है लेकिन विराट लगातार जिम में पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने एक्सरसाइज करते हुए एक वीडियो क्लिप शुक्रवार को शेयर किया। कैप्टन कोहली ने वेटलिफ्टिंग का एक वीडियो क्लिप शेयर किया, जिसमें वह कड़ी मेहनत करते दिख रहे हैं। इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने उन्हें ट्रोल करने की कोशिश की लेकिन विराट की हाजिरजवाबी के सामने उनकी बोलती बंद हो गई। विराट ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, अगर मुझे मौका मिले रोज एक एक्सरसाइज को चुनने का तो यह ही होगी। लव द पावर स्नैच। इस वीडियो पर कॉमेंट करते हुए 40 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर पीटरसन ने लिखा, बाइक पर चढ़ जाइए। विराट ने इसके रिप्लाई में जवाब में लिखा, रिटायरमेंट के बाद।

# टी20 विश्व कप साबित हो सकता है नाइटमेयरः हसी

**क्रिकेट**

### ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में टी–20 वर्ल्ड कप–2020 अक्टूबर–नवंबर में होना है

- कोरोना वायरस की वजह से शायद ही यह टूर्नामेंट इस वर्ष आयोजित हो सके
- मौजूदा परिस्थितियों में टूर्नामेंट का आयोजन समय पर करना थोड़ा 'अव्यावहारिक'





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी ऑस्ट्रेलिया के अक्टूबर–नवंबर में टी20 विश्व कप की मेजबानी की संभावना को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि कोविड–19 महामारी के बीच 16 टीमों का टूर्नामेंट 'लॉजिस्टिक' के हिसाब से दुस्वप्न साबित हो सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) पहले ही कह चुका है कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए टी20 विश्व कप कप आयोजन समय पर करना थोड़ा 'अव्यावहारिक' है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को इस पर अभी फैसला करना है।

हसी को भी इस साल टूर्नामेंट के आयोजन की संभावना नहीं दिखती। हसी ने पोडकास्ट 'हॉटस्पॉट' में कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं टी20 विश्व कप के बारे में थोड़ा डरा हुआ हूं और इसके पीछे कारण है कि मुझे लगता है कि एक टीम को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए लाना ठीक है और उन्हें क्वॉरंटीन में रखना, सुरक्षित रखकर सीरीज की अच्छी तैयारी कराना ठीक है।'

उन्होंने कहा, 'लेकिन कई टीमों को लाना और उन्हें क्वॉरंटीन में रखकर तैयारी कराना और फिर देश में विभिन्न स्थलों तक ले जाना, मुझे लगता है कि यह सब 'लॉजिस्टिक' के लिहाज से दुस्वप्न ही होगा। हम जो सुन रहे हैं, उससे शायद टी20 विश्व कप को 2021 या फिर 2022 तक के लिए स्थगित किया जाना चाहिए।' भारत को टी20 विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है और हसी के अनुसार इसके योजना के अनुसार होने की संभावना है।

उन्होंने कहा, 'मैं भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया के दौरे में काफी सकारात्मक हूं कि यह होगा क्योंकि यहां केवल एक ही टीम आएगी और उन्हें एक जगह रखना आसान होगा।' हसी ने कहा, 'उदाहरण के तौर पर एडीलेड ओवल ने हाल में एक होटल बनाया है जो स्टेडियम से जुड़ा हुआ है इसलिए भारतीय टीम वहां अपना बेस बना सकती है, ट्रेनिंग कर सकती है और सीरीज की तैयारी कर सकती है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल सकती है।'

# चीन के सुपरस्टार शटलर लिन डैन का संन्यास का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। चीन के सुपरस्टार शटलर लिन डैन ने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। दो बार के ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन इस बैडमिंटन खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा की।

सुपर डैन के नाम से मशहूर दुनिया के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ियों में शुमार लिन डैन का 20 साल लंबा शानदार करियर रहा। इस शटलर ने साल 2000 में खेलना शुरू किया था और 2008 तथा 2012 ओलिंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने छह बार प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप जीती। लिन डैन ने 28 लिन की उम्र तक सुपर ग्रैंड स्लैम पूरा कर लिया था, जिसमें बैडमिंटन की दुनिया के सभी नौ प्रमुख खिताब शामिल हैं।

चीन के सोशल मीडिया वीबो पर डैन ने लिखा, 2000 से 2020, 20 साल बाद मुझे अपनी राष्ट्रीय टीम को अलविदा कहना पड़ रहा है। इस बारे में बात करना बड़ा मुश्किल है। घातक कोरोना वायरस के कारण तमाम बैडमिंटन आयोजन पर फिलहाल विराम लगा हुआ है। चीनी बैडमिंटन असोसिएशन के मुताबिक लिन डैन ने कुछ दिन पहले फॉर्मल रिटायरमेंट ऐप्लीकेशन जमा कर दिया गया। लिन डैन ने 2006, 2007, 2009, 2011 और 2013 वर्ल्ड चौंपियनशिप में खिताब जीते। उन्होंने 2005 और 2006 में लगातार वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

उन्होंने ओलिंपिक गेम्स, वर्ल्ड चौंपियनशिप, बैडमिंटन वर्ल्ड कप, थॉमस कप, सुदीरमन कप, सुपर सीरीज मास्टर्स फाइनल, ऑल इंग्लैंड ओपन, एशियन गेम्स और एशियाई चौंपियनशिप में खिताब जीते और यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले और एकमात्र खिलाड़ी बन गए।

## भाई कैफ के साथ मोहम्मद शमी की आउटडोर ट्रेनिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस के कारण भारतीय क्रिकेट और इससे जुड़ी गतिविधियों पर फिलहाल ब्रेक लगा हुआ है। ऐसे में क्रिकेट जगत की दिग्गत हस्तियां सोशल मीडिया पर अपने फैंस से जुड़ रही हैं। भारतीय पेसर मोहम्मद शमी ने भी आउटडोर ट्रेनिंग का अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

लॉकडाउन खुलने के बाद कुछ क्रिकेटरों ने आउटडोर ट्रेनिंग शुरू की है जिसमें शमी भी शामिल हैं। पेसर शमी काफी समय बाद नेट्स पर गेंदबाजी करते नजर आए। उनका साथ पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने दिया। शमी ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसमें वह अपने छोटे भाई मोहम्मद कैफ को गेंदबाजी करते नजर आए। ऑलराउंडर के तौर पर खेलने वाले कैफ अंडर–23 बंगाल क्रिकेट टीम में पिछले साल ही शामिल हुए थे। वीडियो में शमी पूरी तरह से लय में नजर आए जिस पर टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली ने भी रिप्लाई दिया। ट्रेनिंग के दौरान शमी की गेंद भी स्टंप्स लाइन पर ही पड़ती दिखी। शमी इससे पहले लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों की मदद करते भी नजर आए थे।

## न्यूज डायरी



### इंग्लैंड में 11 जुलाई से मनोरंजक क्रिकेट की वापसी, पीएम बोरिस जॉनसन की हरी झंडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से हरी झंडी मिलने के बाद 11 जुलाई से मनोरंजक क्रिकेट को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। ईसीबी की ओर जारी एक बयान में कहा गया है कि मनोरंजक क्रिकेट (त्मबतमंजपवदंस ब्तपबामज) से संबंधित ब्रिटेन सरकार की यह घोषणा मौजूदा समय में केवल इंग्लैंड में लागू होगी। बयान के मुताबिक, 'ईसीबी इस बात से खुश है कि ब्रिटेन सरकार ने शनिवार 11 जुलाई से इंग्लैंड में मनोरंजक क्रिकेट की वापसी के लिए मंजूरी दे दी है। सरकार के इस नए फैसले से ईसीबी को मनोरंजक क्रिकेट के वापसी को लेकर तैयार किए गए खाके के मुताबिक तीसरे से चौथे चरण में जाने में मदद मिलेगी। इसके अनुसार साफ–सफाई और सोशल डिस्टैंसिंग के नियमों के साथ इंग्लैंड में प्रतिस्पर्धी मुकाबले हो सकेंगे।

### ओली पोप बोले, पहले टेस्ट में फैंस की अनुपस्थिति से उत्साह कम नहीं होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथैम्पटन। इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ जुलाई से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में दर्शकों की अनुपस्थिति से टीम के उत्साह में कोई कमी नहीं आएगी। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज कोविड–19 महामारी के चलते दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में खेली जाएगी। पोप ने इंग्लैंड के अभ्यास मैच के बाद कहा, 'जब काफी दर्शक होते हैं और 'बार्मी आर्मी' भी यहां होती हैं तो यह शानदार होता है लेकिन हम फिर भी टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'अगर दर्शकों में एक भी व्यक्ति नहीं होगा तब भी हम उस क्रिकेट को खेलेंगे जिसका हमने अभी तक खेलने का सपना देखा है। टेस्ट अभी भी क्रिकेट का शीर्ष फॉर्मेट है। सुबह के समय अब भी वैसा ही जोश होगा क्योंकि इसमें कई परिस्थितियों से गुजरना होता है। जब टेस्ट मैच शुरू होता है तो दर्शक हों या नहीं, आप हमेशा उत्साहित रहते हो।' इस 22 साल के बल्लेबाज ने कहा कि दर्शकों के बिना भी क्रिकेट का स्तर प्रभावित नहीं होगा।

### क्रिकेटर जो अखबार के लिए भेजता था गलत रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेटर जब कोई रेकॉर्ड लिखते हैं या बताते हैं तो उनका भरोसा करना सहज होता है लेकिन एक ऐसा खिलाड़ी भी रहा जो अखबार में गलत रेकॉर्ड्स भेजता था। हैरानी की बात है लेकिन ऐसा वह सिर्फ शरारत के तौर पर करते थे। उस क्रिकेटर का नाम था पीटर रिचर्ड्सन। 4 जुलाई 1931 को जन्मे पीटर रिचर्ड्सन डेली टेलीग्राफ में शरारत के तौर पर गलत क्रिकेट रेकॉर्ड्स भेजते थे। वह ये रेकॉर्ड्स ब्रिटेन के जाने–माने पत्रकार इडब्लू स्वैंटन को भेजा करते थे ताकि वह इन्हें अखबार में प्रकाशित कराएं। हालांकि उनकी शरारतें काफी मशहूर हो गई थीं। रिचर्ड्सन ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट भी खेला। उन्होंने 1956 से 1963 तक इंग्लिश टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने करियर के शुरुआती 16 टेस्ट मैचों में 5 शतक भी लगाए जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 1956 में ओल्ड ट्रैफर्ड में 104 रन की शतकीय पारी भी शामिल है।

### सहवाग ने शेयर किया शानदार डांस वीडियो, लिखा– माइकल जैक्सन का पुनर्जन्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व धुरंधर ओपनर वीरेंदर सहवाग सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। वह फैंस के साथ फोटो–वीडियो शेयर करते हैं। उन्होंने शनिवार को भी एक वीडियो शेयर किया जिसमें एक शख्स माइकल जैक्सन के अंदाज में जबर्दस्त डांस करता नजर आ रहा है। कोरोना वायरस के कारण भारतीय क्रिकेट और इससे जुड़ी गतिविधियों पर फिलहाल ब्रेक लगा हुआ है। ऐसे में क्रिकेट जगत की दिग्गत हस्तियां सोशल मीडिया पर अपने फैंस से जुड़ रही हैं। करियर में 104 टेस्ट, 251 वनडे और 19 टी20 इंटरनैशनल मैच खेलने वाले सहवाग ने शनिवार को एक वीडियो फेसबुक पेज पर शेयर किया। इस वीडियो में एक शख्स कमाल का डांस करता नजर आ रहा है।